देश में अभ्रक की खानें

3404. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में इस समय अभ्रक की कितनी खानें चालू हालत में हैं और उनका राज्य-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) निष्क्रिय अभ्रक खानों का ब्यौरा क्या है ;

(ग) निष्क्रिय अभ्रक खानों को फिर से चालू करने के लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है ; और

(घ) क्या कोयला खानों की तरह इन खानों का अधिग्रहण अथवा राष्ट्रीयकरण करने की सरकार की कोई योजना है ?

खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) और (ख) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

(ग) अभ्रक खनन उद्योग को पुनर्जीवित करने की दृष्टि से, सरकार द्वारा निम्नलिखित उपाय किए गए हैं :—

(1) उत्पादकों को बेहतर कीमतें देने के लिए अभ्रक स्क्रैप की खरीद नीति में संशोधन करना।

(2) मूल्य वर्धित अभ्रक आधारित उत्पादों का निर्माण करने वाले उद्योगों की स्थापना करना।

(घ) जी, नहीं।

देश में तांबे के भंडार

3405. **चौधरी हरि सिंह :** क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में इस समय तांबे का अनुमानित भंडार कितना है ;

(ख) देश में तांबे की मांग की तुलना में इसका वार्षिक उत्पादन कितना है;

(ग) तांबे के उत्पादन में संलग्न सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों का ब्यौरा क्या है ; और

(घ) इनमें से प्रत्येक उपक्रम द्वारा तांबे के उत्पादन से अर्जित लाभ की मात्रा कितनी-कितनी है ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) राष्ट्रीय खनिज सूची के अनुसार, 1.4.1990 को देश में तांबा अयस्क के खनन योग्य कुल अनुमानित भंडार 280 मिलियन टन थे।

(ख) देश में तांबा धातु का देशी उत्पादन लगभग 50,000 टन वार्षिक है, जबकि इस समय वार्षिक मांग लगभग 1.8 लाख टन है।

(ग) और (घ) देश में हिन्दुस्तान कापर लिमिटेड एक मात्र तांबा उत्पादन करने वाला सरकारी क्षेत्र उपक्रम है। इस कम्पनी द्वारा अर्जित शुद्ध लाभ इस प्रकार है :—

(करोड़ रु० में)

1989-90 . .	45.18
1990-91 . .	45.18
*1991-92 . .	54.90

*(अनन्तिम)

Allotment of plots by Bokaro Steel Limited

3406. SHRI SAMAR MUKHERJEE: Will the Minister of STEEL be pleased to state:

:

(a) the names of the persona to who plots have been, allotted by